लोक सभा अध्यक्ष ने गुरू रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 2 **फरवरी**, 2015: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने गुरू रविदास जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं हैं। अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहा हैः- "गुरू रविदास का जीवन और शिक्षाएं ज्ञान पथ आलोकित करती हैं और लोगों को अंधविश्वासों तथा पूर्वाग्रहों के बंधनों से मुक्त करती हैं। वह जीवनपर्यंत भेद-भाव और वंचना रूपी बुराइयों से लड़ते रहे। अपना पैतृक व्यवसाय जारी रखते हुए उन्होंने पूर्ण समर्पण के महत्व पर जोर दिया और अपनी आध्यात्मिक शक्ति से जाति प्रथा का विरोध किया। आइए, हम मानव एकता के इस प्रबल समर्थक का सादर स्मरण करें तथा पूरे विश्व में सद्भाव और भाईचारा स्थापित करने का संकल्प लें । मैं इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देती हूं। "